## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–26.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्याय को सरल और स्पष्ट बनाने के लिए नागरिकों के सामूहिक जिम्मेवारी को बताया महत्वपूर्ण, न्यायिक प्रणाली में प्रौद्योगिकी और नवाचारों का उपयोग करने का किया आह्वान।
2. लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा– उनकी पार्टी झारखंड में कुछ सीटों पर लड़ेगी विधानसभा चुनाव, एनडीए को समर्थन देने की जतायी प्रतिबद्धता।
3. हजारीबाग, बोकारो, लोहरदगा और चतरा में अलग–अलग हादसों में ग्यारह लोगों की मौत, कई लोग गंभीर।
4. झारखंड समेत देशभर में धूमधाम से मनायी जा रही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता, नृत्य–नाटिका का मंचन समेत कई कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन।
5. 28 अगस्त से शुरू हो रहा पेरिस पैरा–ओलंपिक, खेलों के इतिहास में 84 एथलीटों के सबसे बड़े दल के साथ भारत ले रहा भाग।

*************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि न्याय को अधिक से अधिक सरल और स्पष्ट बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी को सुलभ न्याय प्रदान करने के लिए न्यायिक प्रणाली में प्रौद्योगिकी और नवाचारों का उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जटिल प्रक्रियाएं न्याय को कठिन बना देती हैं। प्रधानमंत्री जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जुबली समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि न्याय को सरल और स्पष्ट बनाने के लिए देश में कई ऐतिहासिक कदम उठाये गए हैं।

*************

लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि उनकी पार्टी झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। चुनाव के लिए उनकी पार्टी गठबंधन के साथ चिह्नित सीटों पर चुनाव लड़ेगी। रांची में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में श्री पासवान ने कहा कि अगर गठबंधन के साथ सहमति नहीं बनती है तो भी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी और एनडीए को ही समर्थन देगी।

*************

एचईसी के यूनियन प्रतिनिधि और कर्मचारियों ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान को एचईसी की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान मंत्री ने एचईसी के मुद्दे को गंभीरता से सुना और कहा कि वे एचईसी को लेकर केंद्रीय उद्योग मंत्री से बात करेंगे। प्रतिनिधिमंडल ने श्री पासवान को जानकारी दी कि एचईसी की फाइल पीएमओ ऑफिस में है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से प्रधानमन्त्री श्री मोदी से से एचईसी के मुद्दे पर बात करने का आग्रह किया।

*************

राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए संपत्ति का ब्यौरा देने की अवधि बढ़ा दी है। कर्मचारी अब पांच सितंबर तक अपनी संपत्ति का ब्यौरा सौंप सकते हैं। इससे पहले कर्मियों को संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए 28 फरवरी तक का समय दिया गया था। कर्मचारी अपनी संपत्ति का ब्यौरा एच आर एम एस पोर्टल के जरिये ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। ग्रुप–डी के कर्मियों को संपत्ति का ब्यौरा नहीं देना है।

*************

पूर्वी सिंहभूम जिले के लोगों में अंग दान के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

*************

राज्य के कई जिलों में कल अलग–अलग हादसों में ग्यारह लोगों की मौत हो गयी। हजारीबाग जिले की चरही घाटी के यूपी मोड़ के पास कल शाम एक ट्रक के पलटने से पांच मजदूरों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रक के ऊपर मजदूर बैठे थे। वहीं बोकारो जिले के गोमिया–कथारा मार्ग पर छिलका पुल के निकट

कल कोयला लदा हाइवा और एक कार के बीच सीधी टक्कर में एक युवक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत एकागुड़ी गांव के तीन बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गयी।

उधर, चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक मोड़ के पास रहने वाले एक परिवार में डायरिया से मां–बेटे की मौत हो गई। मृतक 32 वर्षीय विमला देवी और 12 वर्षीय बेटा सूरज कुमार है।

**************

झारखंड समेत देशभर में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। कई जगहों पर दही हांडी प्रतियोगिता और नृत्य नाटिका का मंचन किया जा रहा है। जन्माष्टमी के अवसर पर राजधानी रांची में दो दिवसीय कार्यक्रम किया जा रहा है।

**************

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को रांची में कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। रांची जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह ने बताया कि सबसे पहले पुरूष और महिला वर्ग के लिए पांच किमी की मैराथन दौड़ होगी। वहीं मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में योग, मलखंब, कबड्डी, खोखो, रस्साकसी, गेड़ी दौड़, गुलेल से निशाना और पारंपरिक धनुष से तीरंदाजी का आयोजन किया जायेगा।

**************

पेरिस पैरा–ओलंपिक–2024 इस महीने की 28 तारीख से शुरू हो रहा है। इस बार, भारत ने खेलों के इतिहास में 84 एथलीटों के साथ अपना सबसे बड़ा दल भेजा है। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भारतीय दल को शुभकामनाएं दी।

**************

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले अखबारों ने महाराष्ट्र में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा–
हिंदुस्तान की सुर्खी है– डॉ इश्तियाक ने फौजी ट्रेनिंग को बुलाया था उस्ताद। प्रभात खबर ने सहायता प्राप्त स्कूलों में बच्चों को पोशाक और बैग देने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है। दैनिक भास्कर ने रांची में बन रहे राधा–कृष्ण के अनूठे मंदिर में जहां मुकुट, मुरली और वस्त्र की होगी पूजा, की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने पीएम मोदी के हवाले से लिखा है– महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने चतरा में डायरिया से मां–बेटे की मौत की खबर पहले पेज पर जगह दी है।

****************